## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–21.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. देश भर में आज उत्साह के साथ मनाया जा रहा है अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, विशाखापत्तनम में आयोजित हुआ राष्ट्रीय कार्यक्रम, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– योग ने दुनिया को जोड़ा।
2. झारखंड में भी सामूहिक योग सत्रों का आयोजन, रांची के बिरसा मुंडा फन पार्क में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ समेत कई मंत्रियों और विधायकों ने किया योगाभ्यास।
3. राज्य सरकार ने जेएसएससी स्नातक स्तरीय परीक्षा में बदलाव का लिया फैसला, 50 हजार से अधिक आवेदक होने पर दो चरणों में होगी परीक्षा, कैबिनेट ने प्रस्ताव को दी मंजूरी।
4. राज्य में बारिश से जानमाल को भारी क्षति, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी जिलों के उपायुक्तों से नुकसान की मांगी रिपोर्ट, आज भी नौ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी।
5. कोलकाता में आयोजित नौंवी रोलर स्केटिंग नेशनल चैंपियनशिप में झारखंड की नव्या ने जीता रजत पदक, समिता छठे स्थान पर।

*******************

आज 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तंनम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शामिल होकर समग्र राष्ट्र का नेतृत्व किया। प्रधानमंत्री के साथ केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव, आंध्र प्रदेश के मुख्यंमंत्री एन. चन्द्र बाबू नायडू सहित तीन लाख से अधिक प्रतिभागियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इनमें भारतीय नौसेना के ग्यारह हजार नौ कर्मी भी शामिल थे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि योग ने पूरी दुनिया को जोड़ने का काम किया है।

*******************

इधर, झारखंड में भी जगह–जगह पूरे उत्साह के साथ योग दिवस मनाया जा रहा है। राज्य का मुख्य कार्यक्रम रांची के बिरसा मुंडा फन पार्क में आयोजित हुआ, जहां स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ समेत कई मंत्रियों और विधायकों ने सामूहिक योगाभ्यास में हिस्सा लिया। इस मौके पर डा. अंसारी ने कहा कि योग जीवन जीने की कला सिखाती है। उन्होंने कहा कि योग एक हमारे देश की पुरानी परंपरा है, जिसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है।

*******************

अंतराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर राज्य के अन्य हिस्सों में भी योग सत्र आयोजित किये जा रहे हैं। चतरा जिले के विभिन्न विद्यालयों और उच्च शैक्षणिक संस्थानों में उत्साह पूर्वक योगाभ्यास किये गये।

*******************

सरायकेला खरसावां जिले में भी आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की धूम है। खराब मौसम के कारण जिला मुख्यालय सरायकेला के सामुदायिक भवन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत समेत जिले के कई वरीय अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए संदेश का लाइव प्रसारण किया गया।

*******************

औद्योगिक नगरी जमशेदपुर में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में आयोजित योग शिविर में जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने भी स्थानीय लोगों के साथ योग किया।

*******************

राज्य सरकार ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग–जेएसएससी की स्नातक स्तरीय परीक्षा में बदलाव का फैसला किया है। अगर 50 हजार से अधिक आवेदक होंगे तो पहले प्रारंभिक परीक्षा–पीटी होगी और फिर मुख्य परीक्षा ली जायेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कल हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि कैबिनेट ने कुल 26 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की है।

वंदना डाडेल ने बताया कि अब राज्य स्थापना दिवस पर पुलिस पदाधिकारियों के साथ पुलिस कर्मियों को भी पदक मिलेगा। इसके लिए पदकों की संख्या बढ़ा दी गई है।

*******************

राज्य में लगातार बारिश से जानमाल को क्षति पहुंची है। पिछले 24 घंटे में चतरा, रांची और पश्चिमी सिंहभूम में अलग–अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गयी है। रांची से सटे किता स्टेशन के पास ट्रैक के पास मिट्टी कटाव के  कारण ओएचई के तीन पोल गिर गये हैं, जिससे ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। इधर, गढ़वा के कांडी में नहर और पलामू के तरहसी प्रखंड में एक पुलिया बह गयी। पलामू के रेहला में पुल निर्माण में लगी मशीन बाढ़ में बह गयी। धनबाद के बाघामारा में बोकारो को जोड़ने वाले पुल का गार्डवॉल और एप्रोच पथ टूट गया है। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है।

*******************

इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी जिलों के उपायुक्तों से बारिश से हुए नुकसान की रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सभी उपायुक्तों के साथ बैठक कर स्थिति की समीक्षा की और भारी बारिश को देखते हुए अधिकारियों को सतर्क और तत्पर रहने के लिए निर्देश दिये।

*******************

इधर, रांची के सासंद और रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने आरोप लगाया है कि रांची नगर निगम की अकर्मण्यता के कारण रांची के चारों तरफ पानी भरा हुआ है। रांची में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करते हुए उन्होंने कहा कि अधिकारी अगर साथ दें तो वे इंदौर को पछाड़कर रांची को एक साल में नंबर–वन शहर बना देंगे। श्री सेठ ने राज्य सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि बारिश से हुई इस दुर्दशा का एक कारण राज्य में नगर निकाय चुनाव नहीं कराना भी है।

*******************

कोलकाता में आयोजित नौंवी रोलर स्केटिंग नेशनल चैंपियनशिप में झारखंड की नव्या वर्णवाल ने बालिका वर्ग के छह से आठ आयु वर्ग में रजत पदक हासिल किया है। नव्या ने वन–लैप प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए पदक जीता है। वहीं झारखंड की समिता गुप्ता छठे स्थान पर रहीं। यह जानकारी झारखंड रोलर स्केटिंग संघ के सचिव सुमित कुमार ने दी।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य मंत्रिपरिषद के फैसले की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया ळें

दैनिक भास्कर ने लिखा है– आरयू में डा. डीके सिंह, डीएसपीएमयू में कमिश्नर संभालेंगे वीसी का प्रभार।

हिन्दुस्तान लिखता है– सिद्धार्थ सिंघानिया कोर्ट में पेश, भेजा गया होटवार जेल।

प्रभात खबर की सुर्खी है– मैट्रिक–इंटर में छह लाख अठावन हजार विद्यार्थी, पर जनजातीय भाषा के मात्र नवासी हजार एक सौ चौंतीस।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– रांची की दो सड़क परियोजनाओं को मंजूरी, 451 करोड़ स्वीकृत

****************